# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
# Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*

**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**


पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2026 / 687 दिनांक : 09.03.2026

## कार्यालय ज्ञाप

मानिनीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 09.03.2026 के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 में विधि पाठ्यक्रमों (एल0एल0बी0, बी0ए0एल0एल0बी0 एवं एल0एल0एम0) में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं के प्रथम सेमेस्टर के सतत आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों को समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु व्यवस्था प्रदान कर दी गयी है।

अतः सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय के विधि पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर से सम्बन्धित सतत आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों को दिनांक 16.03.2026 तक अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। अंको को अपलोड करने से पहले अंकों की भली–भाँति जाँच करने के पश्चात् ही अपलोड करें क्योंकि अपलोड कर देने के बाद उनमें संशोधन एवं परिवर्तन नहीं हो सकेगा। अपलोड किये गये अंकों की हार्ड कॉपी महाविद्यालय द्वारा अपने अभिलेखों में सुरक्षित रखा जाये जिसकी माँग किये जाने पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
5. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित / जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

9/3/26
परीक्षा नियंत्रक